कृपया प्रकाशनार्थ **21 नवंबर 2011**

श्री. राम नाईक सांसद कोष से मालाड, बोरीवली में बने यात्री बसस्थानकों का पुनर्निर्माण

मुंबई, सोमवार : पूर्व पेट्रोलियम मंत्री श्री. राम नाईक के सांसद कोष से बाहरगाँव जानेवाले यात्रियों के लिए बनाए गए बसस्थानकों का पुनर्निर्माण के बाद मालाड व बोरीवली में उद्घाटन हुआ. उद्घाटन के बाद बोलते वक्त श्री. राम नाईक ने कहा ''राजमार्गों पर चलनेवाले अधिकृत यात्रियों के लिए बनाए गए बस स्टॉप को अगर किसी अन्य प्रकल्प के लिए तोड़ा जाता है तो क्यों फिर से बस स्टैंड नहीं बनाना ? यह तो सरासर अन्याय है. वर्ष 1996 जब मैं देश का पेट्रोलियम मंत्री था तब मेरे सांसद कोष से पश्चिमी द्रुत गति मार्ग पर मालाड पूर्व तथा बोरीवली पूर्व में मुंबई से बाहर महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान जानेवाले बस यात्रियों की सुविधा के लिए बस स्टैंड बनवाए थे. उसे रास्ता विस्तार करते समय एमएमआरडीए ने बिना हमे बताए तोड़ दिया था. किसी नागरिक सुविधा के लिए अगर ऐसा हुआ यह तो ठीक है. पर उसे फिर से एमएमआरडीए को बनाकर देना चाहिए ऐसा मेरा आग्रह था. विचार विमर्श के बाद उसे माना जिसके परिणाम स्वरुप आज फिर से उसी स्थान पर बस स्टैंड निर्माण हुए हैं''. श्री. नाईक ने आगे कहा कि, ''इस काम के लिए 1996 में 6 लाख 50 हजार का खर्चा आया था. आज की तारीख में उतनेही खर्चे में पुनर्निर्माण संभव नहीं है. इसलिए एमएमआरडीए ने उस बजट प्रावधान को बढ़वाकर मालाड में रु. 14 लाख से तो बोरीवली में 13 लाख रुपए का प्रावधान रखा. आज पुनर्निमित स्टैंड का हम लोकार्पण कर रहे हैं यह दोनों ही स्टैंड पुरे महाराष्ट्र में मिसाल साबित होंगे ऐस्सी उम्मीद हैं''.

मालाड व बोरीवली इन दोनो बसस्थानकों की व्यवस्था जागृती केंद्र इस सामाजिक संस्था को सौंपी गयी है. जागृती केंद्र के अध्यक्ष तथा नगरसेवक डा. राम बारोट ने अपने प्रास्ताविक भाषण में पहले के बस स्थानक तोडे जाने से प्रति दिन सैंकडो मुसाफिरों को जिन दिक्कतों का सामना करना पडता था उसकी जानकारी दी. अब वह कठीनाईयों का दौर खत्म होगा इस बात पर उन्होंने संतोष जता कर यात्रियों को बाँहर गाँव जाते वक्त अच्छी सुविधाएँ प्रदान करने का वादा किया.

सही समस्या को लगातार प्रयत्नों से शासन व्यवस्था का हिस्सा न होते हुए भी किस तरह समाधान किया जा सकता है इसका यह पुनर्निर्माण मिसाल है, ऐसी राय विधायक श्री. योगेश सागर ने इस वक्त दी. तो विधायक श्री. गोपाळ शेट्टी ने कहा कि शायद यह पहलाही अवसर है जब एमएमआरडीए ने उनके प्रकल्प के कारण बाधित किसी सार्वजनिक व्यवस्था का पुनर्निर्माण किया हो.

मालाड तथा बोरीवली इन दोनों ही उद्घाटन स्थानों में बड़े उल्हास से लोग शामील हुए थे. साथ ही साथ उपमहापौर श्रीमती शैलजा गिरकर, पूर्व उपमहापौर श्री. रमेश मेढेकर व श्री. विनोद घेडिया, प्रभाग समिती अध्यक्ष श्री. प्रवीण शाह व श्री. शिवकुमार झा, नगरसेवक श्री. मोहन मिठबावकर व श्री. दिलीप पटेल, नगरसेविका श्रीमती विद्या ठाकुर व श्रीमती भारती केणी - श्रृंगारपुरे, साथ ही साथ अन्य नेतागण श्रीमती. मनिषा चौधरी, सर्वश्री अतुल भातखळकर, जयप्रकाश ठाकुर, करुणाशंकर ओझा, जगदीश पटेल, दिलीप पंडीत, एड. जयप्रकाश मिश्रा, श्रीकांत पांडे, शांतीभाई चौहान, सुरेंद्र विकल आदी उपस्थित थे.

मालाड में श्री. विनोद शेलार ने तो बोरीवली में श्री. गणेश खणकर ने कार्यक्रमों का सूत्र संचालन किया. बसस्थानक के आर्कीटेक्ट श्री. नितीन प्रधान, ठेकेदार श्री. सज्जन पवार व श्री. ऋषीकेश कटके तथा निःशुल्क रंगकाम करने वाले श्री. शेट्ये का इस समय सम्मान किया गया.

(कार्यालय मंत्री)